हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 15 मई 2026

13 समस्याओं के हल के लिए अधिकारियों से मिला सेक्टर...



13 गुजवि ने नैसकॉम के साथ किया एमओयू...



# 91.65 फीसद रहा हिसार का ओवरऑल रिजल्ट, पिछले तीन साल में सबसे कम

## दसवीं के परीक्षा परिणाम में बेटियों का दबदबा, टॉप थ्री में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से गुरुवार को घोषित दसवीं के नतीजों में बेटियों का दबदबा रहा है। जिले की बेटियां टॉप थ्री की सूची में स्थान बनाने में कामयाब रही है।

हालांकि बोर्ड की ओर से घोषित नतीजों पर नजर दौड़ाई जाए तो दसवीं कक्षा के परिणाम में हिसार का प्रदर्शन तीन साल से सबसे कमजोर रहा है। इसके बावजूद जिले की बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके टॉप थ्री में स्थान पाया है। इनमें से चार बेटियां नारनौंद क्षेत्र की हैं जबकि एक छात्रा हिसार की है। हिसार की खुशी और अंतु पूरे हरियाणा में दूसरे नंबर पर आई हैं। इसी तरह मंगाली गांव की दिक्षा, माढा गांव की साक्षी व माढ़ा की ही सुकोमल तीसरे नंबर पर रही है।

हरियाणा बोर्ड की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में हिसार जिले का ओवरऑल रिजल्ट प्रतिशत 91.65 रहा है। जिले में 21 हजार 297 बच्चों ने दसवीं की परीक्षा है जिसमें 19 हजार 387 बच्चे पास हुए। पुराने नतीजों पर गौर किया जाए तो पिछले तीन वर्ष में इस बार हिसार का परिणाम कमजोर रहा है। वर्ष 2025 में हिसार का परिणाम 93.96 प्रतिशत व वर्ष 2024 में 96.54 प्रतिशत रहा था। अगर पिछले 10 साल का रिकॉर्ड देखें तो इस बार तीसरी बार सबसे अच्छा रिजल्ट आया है।

## ग्रामीण आंचल की बेटियों ने लहराया परचम

■ नारनौंद क्षेत्र की चार बेटियों व हिसार के गांव मंगाली की एक बेटी ने रचा दिया इतिहास

■ बोर्ड की 10वीं के घोषित परीक्षा परिणामों में प्रदेश में दूसरा और तीसरा स्थान किया प्राप्त



हिसार। हरियाणा बोर्ड के 10वीं कक्षा के परिणाम में जैन स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। सौम्या ने 482 अंक लेकर 96 .4 फीसद अंकों के साथ प्रथम, रिया ने 481 अंक लेकर 96 .2 फीसद अंकों के साथ द्वितीय व मेघा ने 466 अंक प्राप्त कर 93 .2 फीसद अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**पिछले 10 वर्षों का परिणाम**

| | |
|---|---|
| 2026 | 91.03 |
| 2025 | 93.96 |
| 2024 | 96.54 |
| 2023 | 68.25 |
| 2022 | 89.59 |
| 2021 | 100 |
| 2020 | 67.25 |
| 2019 | 60.62 |
| 2018 | 56.93 |
| 2017 | 54.29 |

हिसार/नारनौंद। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को 10वीं कक्षा के घोषित परिणामों में ग्रामीण आंचल से जुड़ी बेटियों ने इतिहास रच दिया है। नारनौंद क्षेत्र के चार छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा हिसार जिले के गांव मंगाली की एक छात्रा ने भी प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। एनसीवीएम हाई स्कूल पुट्ठी की छात्रा खुशी व स्वामी विवेकानंद स्कूल खेड़ी जालब की छात्रा अंतू ने 500 में से 498 अंक लेकर प्रदेश में दूसरा, एसबीएस स्कूल माढ़ा की छात्रा साक्षी व सकोमल ने तथा हिसार जिले के गांव मंगाली की दीक्षा ने 497 लेकर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है।

### सोशल मीडिया से रखी दूरी

एनसीवीएम हाई स्कूल पुट्ठी समैण की छात्रा खुशी ने 500 में से 498 अंक लेकर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।



खुशी के हिंदी में 96, अंग्रेजी में 100, मैथ में 100, सोशल साइंस में 99, एसएसटी में 99, एमएचवी में 100 अंक आए हैं। खुशी के पिता वीरेंद्र सिंह आर्मी में हवलदार हैं। खुशी ने बताया कि स्कूल में पढ़ाई गई किताबों की तैयारी इतनी अच्छी तरीके से करवाई गई की हर प्रश्न का उत्तर मिलता रहा। घर पर 5 से 6 घंटे तक पढ़ाई की साथ में माता के काम में भी सहयोग किया। वह एनडीए की तैयारी करके पिता की तरह फौज में जाकर देश की सेवा करना चाहती है। वह सोशल मीडिया से पूरी तरह से दूरी बनाए रखती है।

### एक अंक के कारण सपना अधूरा रह गया

स्वामी विवेकानंद स्कूल खेड़ी जालब की छात्रा अंतू ने 500 में से 498 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया।



अंतू के हिंदी में 92, अंग्रेजी में 98, मैथ में 100, सोशल साइंस में 100, एससीटी में 100 और फिजिकल में 100 नंबर आए हैं। पिता सुशील दुकानदार है। अंतू ने बताया कि वह बड़ी होकर सीए बनना चाहती है। इसी को लेकर वह ज्यादातर अपना समय पढ़ाई करने में ही व्यतीत करती है। सिर्फ आधा घंटा ही मोबाइल पर पढ़ाई से संबंधित चीज देखकर उन्हें समझने की कोशिश करती हैं। स्कूल के अलावा हर रोज घर पर चार से पांच घंटे तक पढ़ाई करती है। स्कूल में अच्छी पढ़ाई से ही यह संभव हो पाया। बाहर ट्यूशन पर कभी नहीं गई। दसवीं कक्षा के प्रवेश लेते ही सोचा था की प्रदेश में पहले नंबर पर आना है लेकिन एक अंक की चूक हो गई और सपना अधूरा रह गया।

### एनडीए की तैयारी कर सैन्य अधिकारी बनने की चाहत

एसबीएस स्कूल माढ़ा की छात्रा साक्षी ने पूरे प्रदेश 497 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।



साक्षी के हिंदी में 93, अंग्रेजी में 92, मैथ में 98, सोशल साइंस में 100, एससीटी में 100, और एमएसवी में 100 अंक आए हैं। साक्षी के पिता किसान है। साक्षी ने बताया कि बोर्ड की परीक्षा में जो सफलता उसने हासिल की है, उसमें मेरी मेहनत की अलावा स्कूल के अध्यापकों की भी मेहनत है। कक्षा में जो पढ़ाया उसको अच्छे से समझ कर घर पर जाकर किताबों से उसकी तैयारी की। वह बड़ी होकर होकर एनडीए की तैयारी करके बड़ी अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। वह मोबाइल से दूरी बनाकर रखती हैं और अन्य छात्राओं को भी सुझाव है कि मोबाइल से दूरी बनाकर रखें।

### किसान की बेटी सकोमल बनना चाहती है वकील



एसबीएस स्कूल माढ़ा की छात्रा सकोमल ने 497 में अंक लेकर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सकोमल के हिंदी में 97, अंग्रेजी में 100, मैथ में 93, सोशल साइंस में 100, एससीटी में 100 और एमएचवी में 100 अंक आए हैं। सकोमल के पिता किसान है। सकोमल ने कहा कि आज गर्व महसूस हो रहा है कि स्कूल के अध्यापकों ने मेहनत करके जो पढ़ाई करवाई उसका परिणाम आज सबके सामने है। हर रोज 6 घंटे तक घर पर पढ़ाई की मोबाइल फोन से दूरी बनाई। शुरू से लेकर आज तक कभी ट्यूशन नहीं लगाया। वह बड़ी होकर एडवोकेट बनना चाहती हैं। ताकि न्याय के लिए आवाज उठा सकूं और आज के समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपना योगदान दे सकूं। हमारे गांव चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने पूरे देश में हमारे प्रदेश ओर गांव का नाम रोशन किया है। वो भी एक दिन ऐसा ही करेंगी।

### एयरफोर्स में जानी चाहती है दीक्षा



हिसार जिले के गांव मंगाली के टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दीक्षा ने 500 में से 497 अंक हासिल किए हैं। दीक्षा के हिंदी में 85, अंग्रेजी में 99, मैथ में 99, सोशल साइंस में 100, एससीटी में 99 और फिजिकल में 100 अंक आए हैं। पिता प्रदीप कुमार जिंदल स्टेनलेस में कार्यरत है जबकि मां मंजू गृहिणी है। हर रोज 6-7 पढ़ाई की और मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग नहीं किया। दीक्षा में अपनी इस सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों को दिया है। उसका सपना एयरफोर्स में जाकर देश सेवा करने का है।

## खबर संक्षेप

### स्नैचिंग करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने स्नैचिंग की वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान बिहार के दरभंगा जिले के प्लावा निवासी गणनायक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में पंघाल गांव निवासी रिंकू ने शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता शहर के एक अस्पताल में लैब सहायक के रूप में कार्यरत है। जब वह दोपहर अपने पीजी जा रहा था, तो आधार अस्पताल के पास नहर वाले कच्चे रास्ते पर उसे तीन लड़कों ने रोक लिया और उससे 6500 रुपये नकद, जरूरी कागजातों वाला पर्स व एक चांदी की चैन छीन ली गई। पुलिस के केस दर्ज करके जांच करते हुए आरोपी गणनायक को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### गल्ला तोड़कर नकदी चुराने का आरोपी धरा

**बरवाला।** दुकान से नकदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बिचपड़ी गांव निवासी विक्रम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में बरवाला के वार्ड 11 निवासी श्याम सुंदर सेतिया ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्त सेतिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल्स के संचालक हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि 9 मई को दोपहर करीब 1:30 बजे जब वह पड़ोस की दुकान पर गए थे, तब किसी ने उनकी दुकान का गल्ला तोड़कर नकदी चोरी कर ली थी। पुलिस टीम ने मामले की गहनता से जांच करते हुए आरोपी विक्रम को काबू किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपी विक्रम पर पहले भी इस साल थाना बरवाला में चोरी का एक मामला दर्ज है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### हत्या के प्रयास मामले में महिला गिरफ्तार

**आदमपुर।** पुलिस ने हत्या प्रयास मामले में महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान ढाणी मोहब्बतपुर निवासी संतोष के रूप में हुई है। थाना प्रभारी डीएसपी प्रिया शर्मा ने बताया कि इस संबंध में ढाणी मोहब्बतपुर निवासी 61 वर्षीय हरदेई ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार वह अपने पति रामस्वरूप के साथ मांगेराम के घर अपनी पुरानी मजदूरी के पैसे लेने गई थीं। घर में मौजूद मांगेराम की पत्नी संतोष के अलावा रणबीर उर्फ धोलू और अन्य परिजनों ने पैसे देने के बजाय गाली-गलौज शुरू कर दी और शिकायतकर्ता के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की। जब पीड़िता और उसका पति वहां से भागने लगे तो आरोपियों ने उनका रास्ता रोका, पीड़िता को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और पेट पर लात मारी। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच करते हुए महिला आरोपी संतोष को काबू कर लिया है।

### चोरी मामले में गिरफ्तार आरोपी से ट्रॉली बरामद

**नारनौंद।** पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा पुलिस ने चोरी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर चोरी की गई ट्रॉली बरामद की है। पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा में तैनात मुख्य सिपाही संदीप कुमार ने बताया कि चोरी के मामले में आरोपित दीपक उर्फ दीपु निवासी पनिहारी को गांव पनीहारी के बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया था। जिसको अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से गहन पूछताछ की गई तथा उससे घटना स्थल की निशानदेही करवाई गई। पूछताछ के दौरान आरोपित के कब्जे से चोरी की गई नीले रंग की ट्रॉली बरामद की गई,रिमांड पूरा होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जिला जेल भेज दिया गया।

# स्कॉरपियो ने दो बाइकों को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

शहर के डाबड़ा चौक पुल पर तेज रफ्तार स्कारपियो गाड़ी ने डिलीवरी देकर जा रहे दो जौमेटा राइडर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उक्त स्कॉरपियो एक जौमेटो ब्वाय को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई, जिससे उसकी मौत हो गई जबकि दूसरा घायल है, जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार तड़के हुए हादसे के बाद काले रंग की स्कार्पियो चालक ने अपनी गाड़ी रोकने की बजाय मौके से फरार हो गया। हादसे में पटेल नगर निवासी लगभग 21 वर्षीय सचिन की मौत हो गई जबकि दूसरे मोटरसाइकिल पर सवार आजाद नगर निवासी सुरेन्द्र को चोटें आई, जो उपचाराधीन है। वहां से गुजर रहे लोगों ने घायल को उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। हादसे की सूचना मिलने पर अर्बन एस्टेट और सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पटेल नगर में रहने वाले लाल बहादुर ने बताया कि 21 साल का भांजा सचिन परिवार के साथ पटेल नगर में रहता था। परिवार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला अमेठी के गांव समरे का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि भांजा जेमोटो में डिलीवरी देने का काम करता था। रात को वह डाबड़ा चौक की तरफ किसी को डिलीवरी देने के लिए गया था। साथ में उसका साथी आजाद नगर निवासी सुरेंद्र भी था। रात करीब एक बजे दोनों अपनी-अपनी बाइक पर सवार होकर कैंप चौकी की तरफ आ रहे थे। जैसे ही वे डाबड़ा ओवरब्रिज पर चढ़े तो पीछे से तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो ने दोनों बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद चालक सचिन को 100 मीटर तक घसीटते ले गया जिस कारण उसकी मौत हो गई।



दुर्घटना में दोनों बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। परिजनों के अनुसार मृतक सचिन दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसके पिता सरजू प्लंबर का काम करते है। सचिन कुछ समय से ही जेमोटो में काम करता था।

### प्याज से भरा ट्रक पलटा, एक की मौत

**हिसार।** जिला के उकलाना क्षेत्र में लितानी मोड के पास अचानक बेसहारा पशु आने से प्याज से भरा ट्रक पलट गया। हादसे में कैथल जिले के बोपर गांव निवासी 70 वर्षीय इन्द्र सिंह की मौत हो गई। हादसे के समय ट्रक में चालक और एक अन्य क्लीनर भी था। गनीमत रही की उनको चोटें नहीं आई। घटना की सूचना मिलने पर उकलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिले के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। कैथल जिला के बोपर गांव निवासी तरसेम सिंह ने बताया कि वह ट्रक चालक है। क्लीनर इंद्र सिंह और एक अन्य के साथ नासिग से प्याज लेने के लिए गए थे। आठ मई को ट्रक में प्याज लोड कर पंजाब के लुधियाना शहर के लिए निकले थे। रात करीब दो बजे लितानी मोड के पास पहुंचे तो अचानक ट्रक के सामने बेसहारा पशु आ गया जिससे संतुलन बिगड़ गया और ट्रक पलट गया। ऐसे में क्लीनर इंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान में इतफाकिया कार्रवाई की है।




## नीट में धांधली पर आक्रोश, प्रदर्शन कर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** हाल ही में नीट परीक्षा में हुई धांधली व अनियमितताओं के खिलाफ युवाओं में बेहद आक्रोश है। भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) व स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने गुरुवार को संयुक्त रूप से लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन कर रहे संगठनों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को भंग करने और हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के चेयरमैन आलोक वर्मा के इस्तीफे की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि नीट पेपर लीक की वजह से देशभर के करीब 22 लाख परीक्षार्थियों पर मानसिक दबाव है। छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि पेपर लीक कुछ भ्रष्ट लोगों की मिलीभगत का परिणाम है, जिन्हें विद्यार्थियों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने मांग की कि परीक्षा कराने का काम विकेंद्रीकृत किया जाए और पुरानी व्यवस्था की तरह संबंधित सरकारी एजेंसियों को ही यह जिम्मेदारी सौंपी जाए।

## नशा तस्करों की टोह में बरवाला में एक साथ 4 घरों पर मारी छापेमारी

**बरवाला।** जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विभिन्न पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई।

इसी क्रम में बरवाला के वार्ड 14 में सीआईए बरवाला प्रभारी प्रदीप के नेतृत्व में डॉग स्क्वाड टीम व स्वेट कमांडो टीम द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील व संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी लेते हुए लोगों से बातचीत कर नशे के खिलाफ जागरूक किया। अभियान के तहत सर्चिंग के दौरान बरवाला के वार्ड 14 में रह रहे मसूदपुर निवासी मोनू को 09.25 ग्राम चिट्टा सहित काबू किया गया। सीआईए प्रभारी प्रदीप ने बताया कि क्षेत्र में नशा आपूर्ति की सूचना मिलते ही चार विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने रणनीतिक रूप से वार्ड नंबर 14 में चिह्नित किए गए 4 संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। पुलिस की इस मुस्तैदी से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया।



बरवाला। तलाशी अभियान चलाते पुलिस टीम।

## अवैध हथियार सहित युवक काबू, कट्टा व कारतूस बरामद

**हिसार।** सीआईए मिलगेट टीम ने अवैध हथियार सहित एक युवक को काबू किया है। युवक से 315 बोर का देशी कट्टा व दो कारतूस बरामद किए गए हैं। सीआईए मिल गेट प्रभारी पवन के नेतृत्व में मुख्य सिपाही अनूप ने उक्त युवक को दबोचा। पुलिस के अनुसार सीआईए टीम गश्त के दौरान कैंप चौक पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सोनी बर्न अस्पताल, पटेल नगर के पास एक युवक अवैध हथियार के साथ खड़ा है। सूचना के बाद पुलिस ने छापा मारकर युवक को दबोच लिया। आरोपी की पहचान पटेल नगर निवासी विशाल उर्फ नंदू के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी विशाल ने खुलासा किया कि उसने यह अवैध हथियार जींद के एक युवक से पांच हजार रुपये में खरीदा था। आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब उस युवक की तलाश कर रही है जिससे यह हथियार खरीदा गया था।

## एचएसवीपी ने अर्बन एस्टेट- टू में अभियान चला हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने गुरुवार को अर्बन एस्टेट टू में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। दोपहर को एचएसवीपी की टीम ने अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया। टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। एचएसवीपी की टीम ने मौके से फोटो व वीडियोग्राफी भी कराई। अभियान के दौरान अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा से अतिक्रमण किया तो कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले बुधवार को को सेक्टर 9-11 में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जिसमें 20 से ज्यादा घरों के आगे से जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया। एचएसवीपी के एसडीओ रामप्रसाद ने बताया कि सेक्टर 9-11 में कई घर रह गए थे जिनके आगे से अतिक्रमण नहीं हटा था। बुधवार को उन घरों को ढूंढकर उनके आगे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस बारे में सेक्टरवासियों की तरफ से भी शिकायत मिली थी कि अभियान के दौरान कुछ घर रह गए हैं जिनके आगे अभी भी अतिक्रमण बाकी है। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे। हालांकि अभियान शांतिपूर्ण ढंग से चला और किसी ने विभाग की कार्रवाई का विरोध नहीं किया। एसडीओ ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर सभी सेक्टरों में यह अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को पीएलए सेक्टर में अभियान चलाया जाएगा।




**असमंजस** सरकार ने मानी सफाई कर्मियों की मांगे, हड़ताल खुलने पर संशय

# हिसार में फंसा पेंच, 200 ठेका कर्मचारी ज्वाइन न करवाए तो नहीं खुलेगी हड़ताल

**पिछले कई दिनों से निगम के समक्ष धरने पर बैठे हैं हटाए गए ठेका कर्मी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

राज्य सरकार द्वारा सफाई व दमकल कर्मचारियों की मांगे मानने के साथ ही हड़ताल खुलने की संभावना बन गई है लेकिन शहर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खुलने को लेकर अभी संशय है।

माना जा रहा है कि ठेका प्रथा के अधीन लगे 200 कर्मचारियों को यदि निगम अधिकारी ड्यूटी ज्वाइन नहीं करवाते हैं तो प्रदेश में हड़ताल खुलने के बावजूद हिसार में हड़ताल ज्यों की त्यों रहेगी। प्रदेश में पिछले 14 दिनों से नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चल रही थी वहीं दमकल कर्मचारियों की हड़ताल को एक माह से उपर हो गया था।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे पड़े हैं। एक अनुमान के अनुसार लगभग 2500 टन कूड़ा कर्कट सड़कों व अन्य खुले स्थानों पर पड़ा है। सरकार की ओर से मांग मानने के साथ ही नागरिकों को राहत मिलने की संभावना है लेकिन साथ ही संशय भी है कि हिसार में पेंच फंस सकता है।

### शहर के मुख्य बाजार में किया प्रदर्शन

ठेका के अधीन लगे सफाई कर्मचारियों के प्रधान सन्नी सारसर ने बताया कि यदि निगम ने हटाए गए 200 कर्मचारियों को ज्वाइन नहीं करवाया तो हिसार में हड़ताल ज्यों की त्यों रहेगी। ठेका कर्मचारियों के साथ दूसरे कर्मचारी भी साथ देंगे क्योंकि ये कई परिवारों की रोजी-रोटी से जुड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी पिछले कई दिनों ने नगर निगम के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर, सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक हिसार की ओर से गुरुवार को नगर निगम और दमकल विभाग के हड़ताली कर्मचारियों के समर्थन में शहर के मुख्य बाजार में प्रदर्शन किया।

## उकलाना मंडी में फायरिंग का मुख्य आरोपी प्रदीप आजाद नगर से दबोचा

■ फायरिंग में एक युवक की हो गई थी मौत

**हिसार।** पुलिस ने गत दिनों उकलाना मंडी में हुई फायरिंग की घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रदीप उर्फ सोनू सोनी से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस टीम ने आरोपी प्रदीप को हिसार के थाना आजाद नगर क्षेत्र से काबू किया। गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ और निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त 32 बोर का एक देसी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा एक लाइसेंसी पाइप गन पिस्तोल और 47 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। फायरिंग की घटना में शुभम नामक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार गत 4 मई को आरोपी प्रदीप ने उकलाना मंडी में स्थित एक कन्फेशनरी की दुकान के पास शिकायतकर्ता मुकेश कुमार और उसके साथियों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। इस हमले में शुभम, विवेक उर्फ जतिन, पवन, सोनू और मोनू को गोलियां लगी थीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आपसी कहासुनी के बाद आरोपी ने अपनी गाड़ी के पास से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी। पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।



# समर वैकेशन को ऐसे बनाओ
# ज्वॉयफुल-मेमोरेबल

बच्चो, तुम्हारे स्कूल में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई होंगी या शुरू होने वाली होंगी। इन लंबी छुट्टियों में कई बार तुम बोर फील करते होगे। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। हम तुम्हें समर वैकेशन के दौरान बोरियत दूर करने के कई मजेदार आइडियाज दे रहे हैं। इससे तुम्हारी समर वैकेशन ज्वॉयफुल ही नहीं मेमोरेबल भी हो जाएगी।

एंज्वॉयमेंट
शिखर चंद जैन

बच्चो, गर्मी की छुट्टियां यानी समर वैकेशन का नाम सुनते ही तुम्हारा मन खुश हो जाता है न! लेकिन इन दिनों तेज धूप की वजह से घर में कैद होने पर बोरियत भी होने लगती है। हम तुम्हें कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं, जिनसे तुम्हारी इस बार की समर वैकेशन न केवल मजेदार, बल्कि यादगार भी बन जाएगी।

### बनाओ मिनी वाटर पार्क

**टेरेस या** छत पर एक रबर टब को पानी से भरकर उसमें छपाक-छपाक खेलो। ठंडे पानी को एक-दूसरे पर फेंकने में मजा आएगा। यह गर्मी भगाने का मजेदार तरीका है। इस खेल में तुम्हारे भाई-बहन या आस-पड़ोस के दोस्त भी शामिल हो सकते हैं। पैरेंट्स की मदद से किसी प्लंबर को बुलाकर, रबर टब और वाटर पाइप लगाने की व्यवस्था करनी होगी। लेकिन ध्यान रखना कि खुली धूप में यह वाटर गेम नहीं खेलना, इससे तबियत बिगड़ सकती है। *

### डेवलप करो गार्डनिंग हॉबी



**इन छुट्टियों** में घर के छोटे से बगीचे या बालकनी के गमलों में नए पौधे लगाओ। पौधों को पानी देना और उनकी देखभाल करना बहुत सुकून देता है। छोटे गमलों में पुदीना, धनिया या फूलों के बीज लगाओ। उन्हें रोज पानी दो और बढ़ता हुआ देखो। यह नेचर के लिए तो अच्छा है ही। ये हॉबी तुम्हें जिम्मेदारी सिखाएगी और नेचर के करीब लाएगी। *

### पक्षियों का रखो ध्यान



**गर्मी तो** सभी को लगती है। गर्मी के इस मौसम में बेजुबान पक्षियों को तुम थोड़ी राहत दे सकते हो। अपनी बालकनी, खिड़की या छत पर मिट्टी के बर्तनों में पानी और अनाज के दाने रखो। जब तुम उन्हें पानी पीते, दाना चुगते और चहचहाते देखोगे तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी। *

### एंज्वॉय करो बुक्स रीडिंग



**दिन के** समय जब तेज धूप हो तो घर से बाहर खेलने नहीं जा सकते। तब अपने गार्डन में या स्टडी रूम में अच्छी कहानियां, जासूसी बाल उपन्यास या ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ सकते हो। ग्रुप रीडिंग करोगे तो और मजा आएगा। यह बोरियत मिटाने और ज्ञान बढ़ाने का बेहतरीन तरीका है। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन पॉवर भी बढ़ेगी। *

### दोपहर में इनडोर कैंपिंग का मजा

**बाहर धूप** में खेलने नहीं जा सकते तो क्या हुआ? अपने कमरे में चादर और कुशन का इस्तेमाल करके एक टेंट या कैंप जैसा शेप बनाओ। पंखे या एसी के नीचे इस टेंट के अंदर अपने भाई-बहन या घर आए दोस्तों के साथ बैठकर किताबें पढ़ो, कहानियां सुनो-सुनाओ या बोर्ड गेम्स खेलो। यह तुम्हें घर के अंदर ही कैंपिंग का अनुभव देगा। *



### बनो स्मार्ट लिटिल शेफ



**इन छुट्टियों** में तुम कुछ मजेदार, आसानी से बनने वाली अपनी कोई फेवरेट डिश बनाना सीख सकते हो। कोशिश करो कि डिश को पकाना न पड़े यानी 'नो-फ्लेम कुकिंग' वाली डिश ट्राई करो। इससे तुमको कुकिंग में गर्मी नहीं लगेगी। फ्रूट चाट, सैंडविच या ठंडी लस्सी बनाना आसानी से सीख सकते हो। इसके अलावा तुम कुल्फी, नीबू-पानी, स्मूदी या चॉकलेट-बिस्किट शेक भी बना सकते हो। अपने बनाए स्वादिष्ट डिशेज खुद भी टेस्ट करो, साथ ही अपने पैरेंट्स, भाई-बहन और फ्रेंड्स को खिलाकर तारीफ पाओ। *

डॉली चिड़िया ने एक दिन सोसाइटी की सभी चिड़ियों की मीटिंग बुलाई। इस मीटिंग में सोना चिड़िया ने जो बात रखी, वह सभी चिड़ियों के मान-सम्मान से जुड़ी थी। यह बात कितनी सही थी, इसमें सभी चिड़ियों ने कितनी सहमति प्रकट की? बच्चों को जरूर जानना-समझना चाहिए।

# मान-सम्मान



एआई इमेज



कहानी
विमला रस्तोगी

एक दिन डॉली चिड़िया ने सोसाइटी की सभी चिड़ियों की एक मीटिंग बुलाई। वह सोसाइटी की चिड़ियों की मंत्री है। सोसाइटी के पार्क के एक पेड़ पर मीटिंग रखी गई। समय रखा गया एकदम सुबह का, सूर्य उगते ही, क्योंकि इस समय पूरी सोसाइटी में शांति रहती है। नियत समय सब चिड़ियां आ गईं- सोना, मोना, बिंदु चिड़ियों ने सबको एक डाल पर बिठाया, जो रह गईं, वे पेड़ की आस-पास की डालों पर बैठ गईं। मोना चिड़िया बोली, 'देखो कितनी सुंदर लग रही हैं सभी चिड़ियां एक साथ बैठी हुईं।' बिंदु चिड़िया बोली, 'इस तरह एकसाथ बैठे हुए हमारी एकता दिखाई देती है। एकता में बहुत ताकत होती है।'

मंत्री डॉली चिड़िया ने बताया, 'मीटिंग सभी को यह बताने के लिए बुलाई गई है कि तुम सब अपने घोंसलों को साफ-सुथरा रखो। घोंसलों में साफ-सफाई करते रहना बहुत जरूरी है। यह बात हमें अपने बच्चों को भी समझानी चाहिए।'

'जी, हमने अपने घोंसले साफ कर रखे हैं, साथ ही मजबूत बनाए हैं ताकि जरा सी तेज हवा में उड़ ना जाएं।' सबने एक स्वर में कहा।

'बहुत अच्छी बात है।' डॉली चिड़िया बोली।

'मुझे एक बात कहनी है।' सोना चिड़िया आहिस्ता से बोली।

'कहो-कहो..।' डॉली चिड़िया ने कहा।

सोना चिड़िया बोली, 'हमें उसी घर की छत पर दाना खाने जाना चाहिए, जो हमें मन से, प्यार से दाना डाले, साफ पानी पिलाए...।'

'मतलब..?' छोटी चुन्नी चिड़िया ने पूछा।

सोना ने अपनी पूरी बात समझाई, 'मतलब यह कि कुछ समय पहले एक मकान की छत पर उसका मालिक आता, दाना हाथ में लेकर, मन ही मन कुछ बोलता। मैं सामने पेड़ पर बैठी होती, लगता जैसे हमें बुला रहा है। वह साफ बर्तन में हमारे पीने के लिए पानी रखता। बहुत प्यार से दाना जमीन पर फैलाता, फिर चला जाता। फिर मैं उसकी छत पर अपनी सहेलियों और बच्चों के साथ जाती। दाना चुगती, पानी पीती और अपने घोंसले में आ जाती थी।' 'अच्छा!' मंत्री डॉली चिड़िया गौर से सोना की बात सुन रही थी।

सोना चिड़िया ने आगे बताया, 'कुछ समय बाद मालिक की जगह उसका बेटा आने लगा। वह बुरा-सा मुंह बनाकर जल्दी से दाना फेंकता, पानी का बर्तन गंदा रखता, धोता नहीं। सो हमने वहां जाना छोड़ दिया। मेरे कहने का मतलब यह है, जिस घर में हमारे लिए प्यार, आदर और साफ-सफाई से दाना रखा जाए, बुलाया जाए, हमें वहीं जाना चाहिए। आखिर हम चिड़ियों का भी तो मान-सम्मान है।' 'बड़ी पते की बात कही सोना चिड़िया तुमने।' मंत्री डॉली ने सोना की बात पर सहमति जताई। मीटिंग समाप्त होने की घोषणा करते हुए मंत्री चिड़िया बोली, 'आज की मीटिंग यहीं समाप्त होती है। नोट कर लो डायरी में, मान-सम्मान केवल इंसान का नहीं, हम पक्षियों का भी है।'

सभी चिड़ियों ने सिर हिलाकर सहमति प्रकट की और अपने घोंसलों की ओर उड़ गईं। *

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## मधुमक्खी

चूस-चूस रस फूल-फूल से,
शहद बनाती है मधुमक्खी।
अपनी मस्ती में उड़ जाती,
भुन-भुन गाती है मधुमक्खी।
मीठा-मीठा शहद संजोकर,
छत्ता भरती है मधुमक्खी।
मेहनत का फल मीठा होता,
मेहनत करती है मधुमक्खी।

छेड़छाड़ जो कभी न करता,
उसे न कुछ कहती मधुमक्खी।
लेकिन कहीं चोट पहुंची तब,
कभी न चुप रहती मधुमक्खी।
साथ सभी के काम करें हम,
हमको सिखलाती मधुमक्खी।
शक्ति एकता में होती है,
सबको दिखलाती मधुमक्खी।



## बूझो तो जानें



1
ऊपर से दिखता यह हरा है,
अंदर से होता लाल-लाल।
काले-काले बीज भी इसके,
खाते हैं सब बाल-गोपाल।



2
विटामिन इसमें भरपूर,
फाइबर भी है प्रचुर।
शिमला और कश्मीर का,
चेहरे पर बरसे नूर।

3
तोता कुतरता चाव से,
दिखता पीला और हरा,
बड़नगर का प्रसिद्ध फल,
बूझो इसका नाम जरा।

-नलिन खोईवाल

उत्तर: 1. तरबूज, 2. सेब, 3. अमरूद

## जीके क्विज-205

1. पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
2. हाल ही में किस ऐतिहासिक मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाया गया?
3. हाल में हिमंता बिस्व सरमा किस राज्य के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए?
4. हाल में तैयार हुआ गंगा एक्सप्रेस वे किस राज्य में स्थित है?
5. दिल्ली के लाल किले का निर्माण किसने करवाया था?
6. तमिलनाडु के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
7. साधारण नमक में क्लोराइड के अलावा दूसरा कौन-सा तत्व होता है?
8. कनाडा की राजधानी कहां है?
9. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
10. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-205 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-204 का उत्तर :** 1 विराट कोहली, 2. राजनाथ सिंह, 3. चांदी, 4. रुडयार्ड किपलिंग, 5. 24 अक्टूबर 1945, 6. महात्मा गांधी, 7. कंबोडिया, 8. सी. राजगोपालाचारी, 9. कोलकाता, 10. कैल्शियम

**जीके क्विज-204 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, जिया शिया-रायगढ़, हिमांक-दुर्ग, कबीर-हिसार, रोहित-महेंद्रगढ़, आर्यन- दिल्ली, कनिष्क-रायपुर, हर्षिता-कांकेर, सुमन-बलौदा बाजार, दिव्यम-महासमुंद, संचित-भोपाल



कहानी
शिव दयाल

मैना किशमिश खाए, वह भी दादी की कटोरी से चुपके से निकालकर, है ना मजेदार और चौंकने वाली बात! लेकिन मैना यह कारस्तानी करती, मजे से दादी की किशकिश गप्प कर जाती। दादी को जब यह बात पता चली तो उन्होंने जो किया, मैना के मजे हो गए!

# मैना खाती किशमिश



एआई इमेज

चमचम मैना थी थोड़ी चटोरी। हमेशा कुछ नया खाने का उसका जी करता था। बागानों-मैदानों से लेकर कूड़ेदानों तक को छान मारती। अपनी चोंच और पंजों से कुरेद-कुरेदकर कुछ नया जायका ढूंढ़ती फिरती चमचम। कुछ मनपसंद मिलते ही 'चेंओं-चेंओं' करती अपनी सहेलियों को दिखा-दिखाकर, चिढ़ा-चिढ़ाकर, ललचा-ललचाकर निवाले निगलने लगती। और फिर लेती दम से ज्यादा लंबी डकार। सहेलियां कहतीं, 'यह देखो, आज फिर इसकी दावत हो गई!'

चमचम इठलाकर फुर्र-से उड़ जाती।

एक दिन बिजली के तार पर बैठी सुस्ता रही थी चमचम। सामने के मकान की खिड़की थी खुली। चमचम ने सोचा, 'ये जूठन फेंकने वाले लोग आखिर खाते क्या होंगे? चलो देखते हैं आज।'

चमचम मैना चुपके से जा बैठी खिड़की पर। कुर्सी पर बैठी थीं दादी। बिना दांत वाले पोपले मुंह में न जाने क्या चबा रही थीं दादी। आड़ी-तिरछी रेखाओं वाला उनका पूरा चेहरा हिल रहा था जैसे। चबाने में मगन दादी रह-रहकर आंखें बंद कर लेतीं। सामने मेज पर रखी थी कटोरी। कटोरी में थी किशमिश। दादी ने दो-चार दाने उठाए और अपने पोपले मुंह में रख लिया। उसकी लंबी ठुड्डी जोर-जोर से लगी हिलने। यह देखकर चमचम को हंसी आ गई। तभी चमचम को कटोरी नजर आई। किशमिश से भरी कटोरी। चटोरी चमचम के मुंह में पानी भर आया, 'ओह, दादी की यह खुराक होगी मजेदार! चलो चखते हैं।' एक बार उसने देखा दादी को। वह थीं किशमिश चबाने में मगन, रह-रहकर पलकें झपका लेतीं। चमचम से और न रहा गया। पंजों के बल चलकर आखिर कटोरी में चोंच मार ही दी चटोरी ने। दो-चार दाने गटक लिए और दो-चार चोंच में दबाए और झटपट उड़ गई।

चमचम ने पहली बार इतनी मीठी चीज खाई थी, 'वाह! ऐसा अनोखा स्वाद! इसे चबाओ तो, ओह, सचमुच आंखें बंद हो जाती हैं।'

चमचम ने एक और उड़ान भरी और दादी की कटोरी से चोंच भर किशमिश फिर ले आई। आवाज देकर सखियों को भी बुला लिया। कहा, 'तुम्हें एक ऐसी चीज खिलाती हूं कि तुम जीवन भर याद रखोगी।' सखियों ने किशमिश के दाने चखे तो चमचम का लोहा मान लिया। उन्होंने उससे पूछा, 'री चटोरी, तूने यह खजाना पाया कहां से?'

चमचम ने सखियों को दादी की कटोरी वाली बात बताई। सखियों को डर हुआ, 'तो क्या तू अच्छी चीजें खाने के लिए लोगों के घरों में घुसेगी?'

चमचम चटोरी आसमान की ओर चोंच उठाकर बोली, 'ऐसी चीजों के लिए तो थोड़ा-बहुत खतरा मोल लेना ही पड़ता है बहनों।'

इधर दादी की कटोरी से किशमिश घटती चली जा रही थी। उन्हें बड़ा अचरज हुआ, सोचा, 'क्या इस उम्र में मैं इतनी पेटू हो गई हूं?' फिर उन्होंने कटोरी पर नजर रखनी शुरू कर दी। चटोरी चमचम को तो किशमिश की लत पड़ चुकी थी। बिना किशमिश चखे दिन खाली-खाली लगता। एक दिन चोंच भर-भर कर किशमिश गटकते दादी ने उसे देखा तो हैरान रह गईं, 'तो यह है जो रोज मेरी कटोरी की किशमिश चट कर जाती है! ठहर, अभी चखाती हूं मजा!'

दादी चमचम को हुलका कर उड़ाने को हुईं कि सहसा उन्हें हंसी आ गई। चमचम आराम से बैठी ऐसे खा रही थी, जैसे अपने ही घर में हो। दादी अपनी लंबी ठुड्डी पर पतली तर्जनी रखे मुस्कुराती उसे किशमिश चुगते देखती रहीं। मन ही मन दादी बोलीं, 'यह तो सचमुच बड़ी चटोरी मालूम पड़ती है, लेकिन कैसी प्यारी दिखती है! चलो, मैं जो अकेली बैठी किशमिश चबाती रहती हूं, उससे तो अच्छा है, यह भी मेरा साथ देती रहे। एक से दो भले।'

चटोरी चमचम जब अगली बार दादी की खिड़की में घुसी तो ऐन खिड़की पर एक कटोरी देखी और देखे किशमिश के चार दाने! *

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

## शांतिदूत गुटर-गूं की कहानी

बच्चो, तुम्हारे लिए एक नई किताब आई है 'शांतिदूत गुटर गूं।' वैसे तो यह एक पिक्चर बुक है, लेकिन तुम इसे एक नन्हा बाल उपन्यास भी कह सकते हो। डॉ. विमला भंडारी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास में तुम एक सफेद कबूतर की जुबानी उसकी कहानी जानोगे। यह किताब कबूतरों की कई जानी-अनजानी बातें सामने लाती है, इस पक्षी के बारे में जानकारी देती है। इसकी कहानी दो बच्चों अनु और बसु की बातचीत से शुरू होती है। वे एक कबूतर को याद करते हैं। कैसे वह 'गुम्म गूं गुटर गूं' करता था, कैसे गर्दन और आंखों की पुतलियां मटकाता था और कैसे आकर उनके कंधों पर बैठ जाता था! कहानी आगे बढ़ती है, एक श्वेत कबूतर उनका दोस्त बन जाता है। वह कबूतरों की विशेषताएं अनु और बसु को खुद बताता है। वह जानकारी देता है- एक देश की राजधानी का सुल्तान अपनी डाक सेवाएं कबूतरों से ही संपन्न कराता था, तो एक देश में डाकिए का समस्त कार्य कबूतर ही करते थे। कबूतरों के बारे में ऐसी कितनी ही जानकारी इस किताब में तुम्हें मिल जाएगी। 'शांतिदूत' के रूप में कबूतर की गाथा द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात आरंभ होती है। लाखों लोगों ने शांति के लिए सार्वजनिक संगठन गठित किए। प्रसिद्ध चित्रकार पाब्लो पिकासो द्वारा बनाए गए जैतून की शाखा लिए श्वेत कबूतर के चित्र को शांति का प्रतीक माना गया। कबूतर एक ऐसा पक्षी है, जिसके माध्यम से शांति संदेश भेजकर कई युद्धों को रोका गया। किताब की लेखिका अपने बाल पाठकों से आग्रहपूर्वक कहती हैं, 'अब तुम्हारा दायित्व है कि युद्ध नहीं, प्रेम चाहिए! यदि संभव हो तो जैतून की शाखा ले आना और युद्ध के स्थान पर शांति का प्रसार करना!' रंगीन चित्रों से सजी, सरल-आत्मीय भाषा एवं रोचक-प्रवाहमय शैली में लिखी गई यह पुस्तक बच्चो तुम्हें खूब पसंद आएगी। *





**किताब:** शांतिदूत गुटर गूं (पिक्चर बुक),
**लेखिका:** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य:** 175 रुपए,
**प्रकाशक:** इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां टेडी बियर से खेलती हुई एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1. टेडी बियर की नाक का रंग अलग है। 2. दीवार पर चित्र लगा हुआ है। 3. लड़की ... 4. लड़की के ... 5. लड़की के ...

## रास्ता खोजो

बच्चो, चित्र में दिख रहे चीकू खरगोश के सामने तीन रास्ते हैं, जो उसे किताब, फुटबॉल और गाजर तक ले जाएंगे। लेकिन चीकू को भूख लगी है। इसलिए गाजर तक पहुंचने का रास्ता बताकर उसकी भूख मिटाने में मदद करो।



## खबर संक्षेप

### गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का जन्मोत्सव मनाया

**हिसार।** गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव तथा आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहर में दिन भर साधना, सेवा एवं सत्संग के भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी कार्यक्रमों में शामिल हुए। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रमों की कड़ी में शुरुआत बुधला संत मंदिर में प्रातः सामूहिक सुदर्शन क्रिया साधना के साथ की गई। साधना के पश्चात सभी साधकों ने मिलकर सेक्टर-14 में झुग्गियों में रहने वाले ज़रूरतमंदों के लिए नर नारायण भंडारा का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार एवं मंजू पूरी ने बताया कि प्रातः सैकड़ों बंधुओं को भोजन वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि तत्पश्चात सभी सदस्यों ने सिरसा रोड स्थित गौशाला में सभी ने मिलकर गऊ ग्रास सेवा में योगदान दिया।

### सिद्धि विनायक मंदिर में कीर्तन व भंडारा कल

**हिसार।** प्रभु प्रेमी संघ की हिसार शाखा की ओर से शनिश्चरी अमावस्या व शनि जयंती के उपलक्ष्य में 16 मई को सायं 6:30 बजे पुष्पा कॉम्पलैक्स स्थित सिद्धि विनायक मंदिर एवं सिद्ध श्रीशनिदेव मंदिर में भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संघ के प्रवक्ता कैलाश गोयल ने बताया कि प्रातः 6:30 बजे से शनिदेव पर तेलाभिषेक शुरु होगा। दिन भर पूजा-अर्चना का कार्यक्रम चलेगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और विधायक सावित्री जिंदल मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला उपस्थित होंगी। अध्यक्षता नगर पार्षद संजय डालमिया व जगमोहन मित्तल करेंगे।

### नेत्र जांच शिविर में 176 मरीजों के आंखों की जांच

**हांसी।** लायन्स क्लब द्वारा गुरुवार को लायन सेवा सदन में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में वैन्यू आई अस्पताल दिल्ली के चिकित्सकों द्वारा 176 नेत्र रोगियों की जांच की गई। नेत्र जांच के उपरान्त 28 रोगियों को सफेद मोतियाबिंद आप्रेशन के लिए दिल्ली ले जाया गया। जहां नेत्र रोगियों का बिना टांके वाले ऑपरेशन किए गए। इस अवसर लायन्स क्लब प्रधान लायन संजय बंसल, पूर्व प्रधान लायन सुरेश बंसल, जुगल ग्रोवर, अशोक बंसल, मदन पाहवा, भूषण मेहन्दीरत्ता, ज्ञान पोपली, नरेश लीखा, रामस्वरूप खट्टर, प्रवीण गर्ग, दीपक मित्तल व साधु राम सिंघल व अन्य उपस्थित रहे।

### फतेहाबाद में नशा तस्कर को दबोचा, हेरोइन बरामद

**फतेहाबाद।** एंटी नारकोटिक सेल ने बीघड़ रोड क्षेत्र में नाकेबंदी और गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 12.13 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि पुलिस टीम अपराध रोकथाम और गश्त के संबंध में मिनी बाईपास, बीघड़ रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि काठ मंडी निवासी सोनू उर्फ छईयां हुड्डा सेक्टर के पास खाली प्लॉटों में ग्राहकों को हेरोइन सप्लाई करने के लिए खड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू उर्फ छईयां पुत्र गुरुबक्स सिंह, निवासी काठ मंडी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। तलाशी में उसकी जेब से 12.13 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

## अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कदम उठाने की रखी मांग

# समस्याओं के हल के लिए अधिकारियों से मिला सेक्टर 33 का प्रतिनिधिमंडल



हिसार। अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते सेक्टरवासी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

**चौराहों व पार्कों में हाई मास्क लाइटें लगवाने की मांग**

सेक्टर 33 की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए प्रनिधिनिमंडल ने एचएसवीपी अधिकारियों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का जिक्र किया और उनके तुरंत निदान की मांग की। प्रधान धर्मवीर पानू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय में एस्टेट ऑफिसर ज्योति मित्तल, एसई पवन वर्मा, कार्यकारी अभियंता निधि भारद्वाज एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जलघर निर्माण, कम्युनिटी सेंटर बनवाने, अधूरी पड़ी सड़कों का निर्माण पूरा करवाने, प्लांटों की सफाई, गंदे पानी के तालाब को बंद करवाने, पार्कों की दीवारों पर पत्थर लगवाने, बाहरी हिस्सों में टाइलें बिछवाने तथा चौराहों और पार्कों में हाई मास्क लाइट लगाने सहित कई समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी गईं। बैठक में ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजेंद्र सपड़ा, वीर सिंह राव, धर्मपाल कसवां, रोहित मेहता, दयानंद भुक्कल, सूबेदार मैनपाल, आनंद मेहता सहित अन्य सेक्टरवासी उपस्थित रहे।

**जल्द समाधान का आश्वासन**

एस्टेट ऑफिसर ज्योति मित्तल ने आश्वासन दिया कि सेक्टरवासियों की इन समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। हॉर्टिकल्चर विभाग की कार्यकारी अभियंता निधि भारद्वाज ने भी संबंधित कार्यों को शीघ्र पूरा करवाने का भरोसा दिलाया। प्रधान धर्मवीर पानू ने कहा कि अधिकारियों के साथ हुई बैठक सकारात्मक रही और सेक्टरवासियों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है।



हांसी। पत्नी की वृद्धावस्था पेंशन बनने पर एसडीएम को मिठाई खिलाता महिला का पति। फोटो : हरिभूमि

## एसडीएम को खिलाई मिठाई

- समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की कोताही न बरतें अधिकारी : एसडीएम

**हांसी।** जिला सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम राजेश खोथ ने की। इस दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने विभिन्न विभागों से संबंधित नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों को लंबित रखने की बजाय तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें, ताकि आमजन को राहत मिल सके। समाधान शिविर के दौरान गांव गढ़ी निवासी बिमला देवी ने अपनी वृद्धावस्था पेंशन बनवाने की मांग रखी थी। संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समयावधि में उनकी पेंशन बनवाने पर उनके पति जगदीश फौगाट ने समाधान शिविर में पहुंचकर जिला प्रशासन का मिठाई खिलाकर आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित मामलों में गंभीरता दिखाएं और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें।





हिसार। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## राष्ट्रीय कला स्पर्धा में चमके विज्डम स्कूल के विद्यार्थी

- अखिल भारत एवं स्वच्छ भारत कला प्रतियोगिता का आयोजन राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राष्ट्रीय शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास संगठन द्वारा आयोजित अखिल भारत एवं स्वच्छ भारत कला प्रतियोगिता का आयोजन राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। इस प्रतियोगिता में साउथ बायपास स्थित विज्डम स्कूल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की कक्षा सातवीं की छात्रा लक्षिता कंडोला तथा कक्षा नौवीं के छात्र भावेश आहूजा को शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं नमन, असरीत, दिशिता, रियांशी, हार्दिक, मानव, रुद्रा एवं नंदिका को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**बधाई दी**

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक हरिपाल पिलानिया व नीलम पिलानिया सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत ,लगन और रचनात्मक प्रतिभा विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

### यशवीर चौहान बने एसोसिएशन के जिला प्रधान

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मिनिस्ट्रियल स्टाफ की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुववार को उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला हिसार के विभिन्न कृषि कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया तथा सर्वसम्मति से कृषि अधिकारी कैडर एसोसिएशन की जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी में यशवीर चौहान को जिला प्रधान, रविंद्र लेखाकार को उप प्रधान, राजकुमार लिपिक को सचिव, मनदीप स्टैनो को सह सचिव, अनिल लिपिक को कोषाध्यक्ष, वीरेन्द्र कुमार अधीक्षक को मुख्य सलाहकार, इंद्रा लेखाकार को सलाहकार नियुक्त किया गया। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों, संगठन विस्तार तथा भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# पूरी सरकार जुट गई फिर भी उकलाना में बुरी तरह से हारी भाजपा : राजेन्द्र

- ट्रिपल इंजन की सरकार की दुहाई देकर जनता को बरगलाती है भारतीय जनता पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि ट्रिपल इंजन की दुहाई देकर देश व प्रदेश की भोली-भाली जनता को बरगलाने वाली भाजपा के राज में एक भी वायदा धरातल पर पूरा नहीं हुआ है।

वादों व घोषणाओं की सरकार से हरियाणा की जनता अब अच्छी तरह से रुबरु हो गई है। इसके परिणाम भी आने लगे हैं। ताजा उदाहरण उकलाना में नगर पालिका के चेयरमैन के चुनाव में जनता ने भाजपा को सच का आइना दिखाने का काम किया है। राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि जनता आज भी महंगाई, बेराजगारी व भाजपा की झूठे वायदों की चक्की में पिस रही है। आने वाले समय में सरकार में बैठे प्रतिनिधियों को जनता के सवालों का जवाब देना होगा।

**सरकारी मशीनरी का जमकर दुरुपयोग**



जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि उकलाना में लोकल स्तर के इस चुनाव में मुख्यमंत्री सहित पूरी केबिनेट के अलावा अनेक बड़े नेता चुनाव प्रचार में लगे हुए थे। पूरी तरह से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया। इसके बावजूद वहां की बहादुर जनता ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ वोट देते हुए निर्दलीय प्रत्याशी को जीताने का काम किया। धीरे-धीरे जनता के सामने भाजपा के झूठे वायदों व गलत नीतियों की पोल खुलने लगी है।

# गुजवि ने नैसकॉम के साथ किया एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को 'फ्यूचरस्किल्स प्राइम' प्लेटफॉर्म तक पहुंच प्रदान की जाएगी।

यह नैसकॉम और भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मीटी) की एक डिजिटल स्किलिंग पहल है, जिसका उद्देश्य भारत को डिजिटल प्रतिभा संपन्न राष्ट्र बनाना है। यह सहयोग शिक्षा जगत और उद्योग के बीच की दूरी को कम करने, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल, व्यावहारिक अनुभव तथा मान्यता प्राप्त प्रमाणन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विवि के सभी विभागों के विद्यार्थी इस पहल का लाभ उठा सकेंगे।





हिसार। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व नैसकॉम की प्रतिनिधि प्रियंका बिष्ट एमओयू का आदान-प्रदान करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**कुलपति ने किए हस्ताक्षर**

एमओयू पर गुजवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा नैसकॉम की ओर से लीड-एकेडेमिया एंड गवर्नमेंट रिलेशंस एंड एम्प्लॉयबिलिटी प्रियंका बिष्ट ने नैसकॉम की सीईओ अभिलाषा गौड़ की ओर से हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. एचसी गर्ग, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. ओपी सांगवान, एसोसिएट डीन इंटरनेशनल अफेयर्स डॉ. प्रियंका, प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह व सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह तथा नैसकॉम एसएससी के सीनियर एसोसिएट नितेश कुमार उपस्थित रहे।

# गर्मी में रखें मधुमक्खियों का खास ख्याल: प्रो. काम्बोज

- समय रहते उचित प्रबंधन अपनाकर शहद उत्पादन एवं मधुमक्खी कॉलोनियों को नुकसान से बचाना संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने मधुमक्खी पालकों को सलाह दी है कि मई-जून के दौरान पडऩे वाली गर्मी और लू मधुमक्खी कॉलोनियों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती हैं। उत्तर भारत में तापमान कई बार 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, जिससे मधुमक्खियों की कार्यक्षमता, शहद उत्पादन तथा कॉलोनियों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। गर्मी के मौसम में फूलों में मकरंद और पानी की कमी होने लगती है। ऐसे में यदि मधुमक्खी कॉलोनियों की उचित देखभाल न की जाए तो कॉलोनियां कमजोर हो जाती हैं और शहद उत्पादन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस मौसम में छत्तों के अंदर का तापमान नियंत्रित रखना होता है, ताकि मधुमक्खियां अपनी ऊर्जा ठंडक बनाए रखने के बजाय पराग और मकरंद संग्रह में लगा सकें।



मधु मक्खी पालन के डिब्बे।

**छत्तों में पर्याप्त वायु संचार जरूरी**

छत्तों में भीड़भाड़ की स्थिति नहीं बननी चाहिए। पर्याप्त फ्रेम उपलब्ध कराने तथा भीगे हुए बोरे की पल्लियां रखने से छत्तों का तापमान नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। हालांकि वर्षा ऋतु में यह व्यवस्था बंद कर देनी चाहिए ताकि नमी न बढ़े। गर्मी के मौसम में उचित वायु संचार भी बेहद जरूरी है। इसके लिए मौनगृह के प्रवेश द्वार को खुला रखना, चैम्बर के बीच लकड़ी के छोटे टुकड़े लगाना तथा सुपर में थोड़ी जगह छोडना उपयोगी उपाय हैं।

### सुबह या शाम करें निरीक्षण

कॉलोनियों का निरीक्षण सुबह 10 बजे से पहले या देर शाम ठंडे वातावरण में ही करें। अनावश्यक निरीक्षण से बचें और यदि भोजन की कमी हो तो चीनी और पानी को 1-1 अनुपात में मिलाकर कृत्रिम आहार उपलब्ध कराएं। यदि मधुमक्खी पालक समय रहते ये प्रबंधन उपाय अपनाते हैं तो गर्मी और लू से होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### छायादार स्थान पर रखें कॉलोनियां

कीट विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. सुनीता यादव ने बताया कि गर्मियों की शुरुआत में ही कॉलोनियों को छायादार स्थानों पर स्थानांतरित कर देना चाहिए। पेड़ों के नीचे कॉलोनियां रखना सबसे बेहतर माना जाता है क्योंकि पेड़ों की पत्तियां गर्म सूर्य किरणों को रोककर ठंडक प्रदान करती हैं। यदि प्राकृतिक छाया उपलब्ध न हो तो फूस, टाट या अस्थायी शेड बनाकर भी छाया की व्यवस्था की जा सकती है। मधुमक्खी पालक अपने स्थाई एपियरी क्षेत्र में शहतूत जैसे पेड़ भी लगा सकते हैं, जो छाया के साथ-साथ मकरंद भी उपलब्ध कराते हैं।

# चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने की गिरफ्तारी

एचटीएम थाना पुलिस ने चोरी के मामले में आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। आरोपी की पहचान शिव नगर निवासी पवन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में ऋषि नगर निवासी शकील अहमद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मिल गेट चौक पर समोसे की रेहड़ी लगाता है। शाम जब वह किसी काम से रेहड़ी से दूर गया, तब एक युवक ने पैसों की डोली चोरी कर ली। डोली में करीब 5 से 6 हजार रुपये की नकदी थी। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी पवन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया स्टील का डोलू बरामद कर लिया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी पवन एक आदतन अपराधी है। उस पर पहले भी जिले के विभिन्न थानों में चोरी के चार केस दर्ज हैं। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी नशा करने का आदी है और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### पुलिस ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध पॉक्सो एक्ट व डायल-112 की दी जानकारी

**रतिया।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत रतिया के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलियाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून की बुनियादी जानकारी देना और उन्हें सुरक्षित भविष्य के प्रति सचेत करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला उपनिरीक्षक प्रियंका ने विद्यार्थियों को बताया कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग जितना बढ़ रहा है, उतनी ही तेजी से साइबर अपराध के मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों पर चर्चा करते हुए बच्चों को सलाह दी कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। इसके साथ ही उन्होंने ओटीपी, बैंक विवरण और पासवर्ड जैसी निजी जानकारियां किसी भी अजनबी के साथ साझा न करने की हिदायत दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है, तो वह बिना देर किए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करे। विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उपनिरीक्षक प्रियंका ने पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर समझाया और प्रेरित किया कि यदि उनके साथ कोई गलत व्यवहार होता है, तो वे डरे नहीं। उन्होंने बच्चों से कहा कि ऐसी किसी भी स्थिति में वे तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या सीधे पुलिस को सूचित करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा मुस्तैद है।

**अपराध** | निजी स्कूल की शिक्षिका की पहली मई को हुई थी हत्या, पति है आरोपी

# सोनिया हत्या मामले में आरोपी पकड़ से दूर, विरोध में आज धरना देंगे संगठन

**हत्यारोपियों की गिरफ्तारी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के सेक्टर 13 में निजी स्कूल की शिक्षिका सोनिया के हत्यारोपी पति व अन्य की गिरफ्तारी न होने पर शहर के संगठनों ने रोष जताया है। संगठनों ने बैठक करके शुक्रवार से नागोरी गेट पर धरना देने का ऐलान किया है। इस संबंध में शहर के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग गर्ग के आवास पर सेक्टर 14 में हुई। इसमें कहा गया कि एक मई को सोनिया की हत्या कर दी गई थी लेकिन अभी तक आरोपी पति व अन्य की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी सौरभ आनंद को गिरफ्तार ना करने से शहर की जनता में नाराजगी है। जब तक मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं होता शहरवासियों का आंदोलन जारी रहेगा। इस संबंध में बजरंग गर्ग ने पुलिस अधिकारियों से टेलीफोन पर बात भी की।



हिसार। धरना-प्रदर्शन को लेकर चर्चा करते विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी सीए पवन गिरधर, गुलजार सिंह काहलो, डॉ. रमेश पूनिया, राजेंद्र चुटानी, अक्षय मलिक, महेश चौधरी, आशीष गोदारा कुकी, सुरेंद्र बजाज, ओम प्रकाश असीजा, मांगेराम रालवासिया, सत्यपाल अग्रवाल, सुरेंद्र पंघाल, निरंजन गोयल, ओमप्रकाश बजाज, विशंभर लाल कथुरिया, रमेश वत्स, पिंटू पपडेजा, अमन कौशिक, अनिल पपडेजा, सुमित ग्रोवर, हैप्पी नागपाल, शोरूम पपडेजा, सौरभ पपडेजा, हंस थरेजा, राजेंद्र बंसल आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।

**सूचना**

मै, शकुन्तला पत्नी श्री बलबीर पुत्र श्री कपुर सिंह निवासी मकान नंबर-469 ए नंद नगर हांसी, जिला हांसी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दिनेश उम्र 32 साल, व पुत्रवधू मनीषा पत्नी दिनेश मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं, इसलिये मै अपने पुत्र दिनेश व पुत्रवधू मनीषा को अपनी तमाम चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद मेरे पुत्र दिनेश व पुत्रवधू मनीषा से किसी किस्म का कोई लेनदेन या व्यवहार करता है, तो वह खुद जिम्मेवार होगा, मेरी व मेरे परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ग्राम पंचायत खरकड़ा**
**खण्ड हांसी प्रथम, जिला हिसार (हरियाणा)**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खरकड़ा खण्ड-हांसी-I में हाडा-रोडी, स्कूल वाला व एससी तालाब की खुली बोली मछलीपालन हेतु दिनांक 20.05.2026 को सामान्य चौपाल खरकड़ा में सुबह 11 बजे करवाई जाएगी। बाकी शर्तें मौके पर पढ़कर सुनाई जाएंगी।

सरपंच, ग्राम पंचायत खरकड़ा,
ब्लॉक हांसी-I (हिसार)
Moblie No. 94665-59582

## हिसार-हांसी में प्रथम रहे डीपीएस में प्रतिभा सम्मान समारोह

# टॉपर रुद्राक्षी दलाल समेत मेधावी विद्यार्थी व अभिभावक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल, हिसार में कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में एक गरिमामय एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष विद्यालय ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के साथ हिसार एवं हांसी ज़िले में प्रथम स्थान प्राप्त कर शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। विद्यालय की छात्रा रुद्राक्षी दलाल ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हिसार एवं हांसी ज़िले में टॉप करने का गौरव हासिल किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।



हिसार। विद्यालय प्रधानाचार्य मंजु सुधाकर के साथ मेधावी विद्यार्थी।

समारोह में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अभिभावकों का भी अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य मंजु सुधाकर ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल उत्कृष्ट अंकों का परिणाम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा एवं अभिभावकों के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। विद्यालय अध्यक्ष मुंशी राम व निदेशक निहाल सिंह ने कहा कि विद्यालय का यह परिणाम केवल शैक्षणिक सफलता नहीं बल्कि उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली, मूल्य आधारित शिक्षण एवं समर्पित प्रयासों का प्रमाण है।

## डीसीएम स्कूल बिठमड़ा का परिणाम रहा शानदार, चार विद्यार्थी प्रदेश के टॉप-10 में

**उकलाना।** डीसीएम स्कूल बिठमड़ा ने एक बार फिर बोर्ड परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने हरियाणा प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान हासिल कर स्कूल, अभिभावकों और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों और स्टाफ में खुशी का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय की छात्रा कीर्ति पुत्री विक्रम ने 494 अंक लेकर 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए और हरियाणा में छठा स्थान प्राप्त किया। वहीं किरण पुत्री मनदीप ने 493 अंक लेकर 98.6 प्रतिशत के साथ प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा सारिका पुत्री कृष्ण और सुहानी पुत्री गोविंद ने 491-491 अंक प्राप्त कर 98.2 प्रतिशत अंक हासिल किए तथा हरियाणा प्रदेश में संयुक्त रूप से नौवां स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के चेयरमैन संजय डीसीएम ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार उपलब्धि संभव हो पाई है।

# होली चाइल्ड स्कूल का परिणाम शानदार छात्रा सौम्या वत्सला ने पाए 95.4% अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा सौम्या वत्सला ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ उन्होंने संगीत विषय में 100 में से 100 अंक तथा पॉलिटिकल साइंस में 95 अंक अर्जित कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया।

मानसी एवं प्रतिज्ञा ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि पलक ने 90.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विषयवार प्रदर्शन में निखिल ने अंग्रेज़ी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। वहीं संगीत विषय में सौम्या वत्सला, मानसी, पलक, मुस्कान, आलोक, हार्दिक बंसल, जिज्ञासा एवं सागर ने भी 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त शिखा देवी ने अकाउंटेंसी विषय में 96 अंक तथा प्रतिज्ञा ने जियोग्राफी विषय में 95 अंक अर्जित किए। वहीं पॉलिटिकल साइंस विषय में सौम्या वत्सला, मानसी, प्रतिज्ञा एवं गौरव कुमार ने 95 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु तथा प्राचार्या अनीता पन्नू दलाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर का 12वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

- कामर्स छात्रा आयुषी ने 96 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त

**हांसी।** मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम सत्र 2025-26 में शानदार रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत घोषित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। स्कूल के प्रिंसिपल नितीश मिश्र ने बताया कि इस वर्ष 59 विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा की परीक्षा दी थी और सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 35 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न संकायों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉमर्स संकाय में आयुषी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। नॉन मेडिकल संकाय में करण यादव ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कला संकाय में श्रुति चौधरी ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि मेडिकल संकाय में करण ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र दीक्षांत ने डाटा साइंस विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की।विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन आनंद यादव ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल हांसी के 12वीं कक्षा के विद्यार्थी तीनों संकायों में छाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल का केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता के नए आयाम स्थापित किए। वाणिज्य संकाय में रितिका रानी ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वंशिका सोनी ने 97.4 प्रतिशत, मुस्कान ने 96.2 प्रतिशत, नितीश कुमार एवं सारिका ने 95.6 प्रतिशत, दीपांशी ने 92.2 प्रतिशत तथा अंजली ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इस संकाय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 7 रही। कला संकाय में तनु ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकाय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। प्रिया कोहली ने 95 प्रतिशत, मुस्कान ने 94.8 प्रतिशत, एक अन्य छात्रा मुस्कान ने 92 प्रतिशत तथा विवेक ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कला संकाय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 6 रही। वहीं विज्ञान संकाय में अंतिम ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुस्कान ने 94.6 प्रतिशत, गर्विता एवं किरण ने 94.2 प्रतिशत, अमन ने 93.8 प्रतिशत, अंशिका एवं दिशा ने 93.4 प्रतिशत, मनीषा ने 93.2 प्रतिशत तथा नेहा ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं सुमित ने 96.2 प्रतिशत, हिमांशी ने 92 प्रतिशत, आरती, हर्षित एवं खुशी ने 91.8 प्रतिशत तथा तनु ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

विज्ञान संकाय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 18 रही। विद्यालय की प्राचार्या एकता सचदेवा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को इस शानदार परिणाम पर बधाई देते हुए उनके निरंतर परिश्रम और सहयोग की सराहना की। विद्यालय निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को जेईई, नीट, एनडीए एवं क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करवा रहा है।



# श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल का लहराया परचम बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

हांसी। सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय की छात्रा मानसी ने वाणिज्य संकाय में 96.40 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं हिमांशी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। कला संकाय की छात्रा शिवांगी ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन के अनुसार पांच विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 24 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। कमर्शियल आर्ट्स विषय में 7 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया, वहीं सूचना प्रौद्योगिकी विषय में 1 विद्यार्थी ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर प्राचार्य अनिल कुमार एवं मुख्याध्यापिका पिंकी यादव ने सभी मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को मंच पर फूल मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय अध्यक्ष राजपाल यादव, सचिव सत्यवान यादव तथा शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





हांसी। अव्वल रहने वाले विद्यार्थी व स्कूल प्राचार्या गीता मेहता के साथ विक्ट्री का साइन बना खुशी का इजहार करते विद्यार्थी

# श्री काली देवी विद्या मंदिर का परिणाम रहा शत प्रतिशत, 97.2% के साथ आयुष प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर का सीबीएसई कक्षा बारहवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम गत वर्षों की तरह तीनों संकायों में शानदार तथा शत-प्रतिशत रहा। कला संकाय में आयुष ने 97.2 फीसद लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, अंशु ने 94 फीसद लेकर द्वितीय, संजू ने 93.2 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में सिद्धि ने 95.4 फीसद लेकर प्रथम स्थान, उर्वशी ने 93.8 फीसद लेकर द्वितीय स्थान तथा आयुषी और इक्षिका ने 93.4 फीसद लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में जतिन ने 92.8 फीसद लेकर प्रथम स्थान, सोनम ने 91 फीसद लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने बताया कि विद्यालय के 24 विद्यार्थियों ने 90 फीसद तथा 70 विद्यार्थियों ने 80 फीसद से अधिक अंक लेकर स्कूल व अपने अभिभावकों को गौरवान्वित किया।

प्राचार्या गीता मेहता ने विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों, विद्यालय प्रबंधक कमेटी, विद्यालय स्टाफ व अभिभावकों को बधाई दी तथा सभी के कठोर परिश्रम व सहयोग की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं शुभकामनाएं दी।

## एचकेएसडी गर्ल्स सी.से. स्कूल में दसवीं कक्षा में 15 छात्रों की मेरिट



हिसार। नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्रों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 15 छात्रों ने मेरिट प्राप्त की एवं सात छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। विषयवार भी छात्रों ने अधिकतम अंक, फिजिकल एजुकेशन एवं हिंदी में 97 अंक, सामाजिक विज्ञान में 92 अंक, विज्ञान में 94 एवं अंग्रेजी में 91 अंक प्राप्त किये। प्राची पुत्री मनोज ने 93.2 प्रतिशत (466 ) अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनु पुत्री लक्ष्मण कुमार ने 89.6 प्रतिशत (448 )अंक लेकर द्वितीय व साक्षी पुत्री दिगम्बर सिंह ने 88.8 प्रतिशत (444 अंक) लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकगण एवं अध्यापकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



## ब्लूमिंग चाइल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम, निर्मल के 98.2% अंक

**हिसार।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में ब्लूमिंग चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जाखोद खेड़ा के विद्यार्थियों ने परचम लहराया दिया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। छात्रा निर्मल ने 98.2 फीसद अंक लेकर स्कूल में टॉप किया है। निर्मल ने अंग्रेजी तथा फिजिकल में 100-100 अंक प्राप्त किए। नेहा ने 97.8 फीसद अंक प्राप्त किया। नेहा ने फिजिकल में 100 से 100 अंक प्राप्त किए। पुनीत व रितिका ने 97.6 फीसद अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके अलावा छात्रा रेनू ने 97 फीसद अंक प्राप्त कर परीक्षा पास की है। शानदार परीक्षा परिणाम लेने के लिए स्कूल डायरेक्टर सुरेंद्र श्योरान तथा प्रिसिंपल सत्यपाल घनघस ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार उपलब्धि संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि ब्लूमिंग चाइल्ड स्कूल हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है तथा आगे भी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध करवाई जाती रहेगी।

## आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल की 12वीं कक्षा का परिणाम शानदार



उकलाना। आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल, का सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के 31 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों में खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय की छात्रा रिया ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं याकिना ने 94 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा याचिका ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पलक ने 92.4, शिवम ने 92.2, याशिका ने 90.4, प्रिया ने 90.2, मोहित ने 90.2, भावना ने 90, सनेहा ने 89, अंजलि ने 88, खुशी व मननत ने 87-87, पारुल व किरण ने 86.4-86.4, मुस्कान ने 86, हरमनप्रीत ने 85.2, मिनाक्षी ने 85, दिशु ने 83, इशिका ने 82, मुस्कान ने 81.4, खुशी ने 81.2, सुमित ने 81, रितिका ने 80.4, प्रीति ने 80.2, आदित्य, सिमरन, कशिश, नेहा, रितिका व यश ने 80-80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर कृष्ण चंद शर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

## शहीद भगत सिंह स्कूल की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा 100 प्रतिशत



**हांसी।** शहीद भगत सिंह स्कूल, हांसी का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल डायरेक्टर सत्यवान ने बताया कि स्कूल के 68 विद्यार्थियों में से 35 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट प्राप्त की। विद्यालय की छात्रा युक्ता ने 483 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। तमन्ना ने 482 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, ज्योति ने 480 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, मीनाक्षी ने 479 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान तथा आदित्य ने 478 अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के शानदार परीक्षा परिणाम पर मुख्याध्यापक राम अवतार सिंह ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी छाए



हिसार। शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 10वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से पूरे स्कूल में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय के 9 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इनमें गुलशन ने 93 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अविनाश ने 90 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा भतेरी ने 82.4 फीसद तथा वंदना ने 82.2 फीसद अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। विशेष बात यह रही कि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने 70 फीसद से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की।विद्यालय निदेशक दलबीर सिंह पंघाल एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



नारनौंद। सृष्टि स्कूल मोठ के छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

## सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ का कक्षा 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत शानदार एवं गौरवपूर्ण रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया, बल्कि बोर्ड मेरिट सूची में भी अपना स्थान बनाकर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। बोर्ड मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में प्रिया, जतिन माजरा, गुरुचरण सिंह, कशिश, एंजल दूहन, सिलबिया, मनीष, सौरभ, हर्ष, जतिन, युवराज, प्रिंस, दक्षदीप, गौतम, सुभम खंडेलवाल, हिमांशु, गौरव, तनिष, एवं इशांत का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा।

इस खुशी के अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को फूलमालाएं एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा को और बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अनूप लोहान एवं सोनिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक अनूप लोहान ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग के कारण यह उपलब्धि संभव हो पाई है।

## सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की 12वीं कक्षा का परिणाम उत्कृष्ट



हिसार। सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा तथा विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के टॉप टेन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अन्वी ने 97.8 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्राची ने 97.2 फीसद, अक्षांता ने 97 फीसद, रोहित बंसल ने 96.8 फीसद, भूमिका एवं वंशिका ने 95.2 फीसद, वैभव जैन ने 94.8 फीसद, तमन्ना ने 93.6 फीसद, जीतू जाला ने 92.4 फीसद, केशव शर्मा ने 92 फीसद तथा काव्यांश ने 90.8 फीसद अंक प्राप्त कर सफलता के नए आयाम स्थापित किए। इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम रोशन करते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। विद्यालय की प्रधानाचार्या निशा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## यूनीक हाई स्कूल के छात्रों ने 10वीं के परिणाम में लहराया परचम





**हांसी।** यूनीक हाई स्कूल के दसवीं के छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में अपने और अपने विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया तथा अपने सपनों को साकार करने की तरफ अपना कदम बढ़ाया। बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में स्कूल की छात्रा अंजू 467/500, दिव्यम 444/500, हिमांशी 440/500, साक्षी 430/500, प्रिया 429/500,लक्ष्य 423/500 ,जानवी 418/500, दीया 416/500, शानू 409/500, शुभम 394/500,शगुन 393/500, विशाखा 383/500, सागर 379/500, गर्वित 365/500, अक्षय 357/500, लहर 358/500 तथा पूनम 351/500 अंक लेकर अपने विद्यालय व अभिभावकों के लिए नए कीर्तिमान स्थापित किए। विद्यालय की प्राचार्या गीता दुबे व अध्यापकगणों ने बच्चों की इस उपलब्धि को अपार प्रसन्नता व्यक्त की। प्राचार्या ने बच्चों की इस अपार सफलता का श्रेय बच्चों, शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों को भी दिया। सभी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग के बिना यह सब संभव नहीं था।